आवेदकों हेतू दिशा निर्देश

1. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन/पात्रता विवरण एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश **(How To Apply/ FAQ/ Terms and Conditions)** का भली– भांति अध्ययन कर लेंगे।
2. ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थी को वांछित शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता होनी चाहिए। ऑनलाईन आवेदन भरते समय आवेदक को ऑनलाईन आवेदन पत्र के विहित कॉलम में शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता के संबंध में पूर्ण सूचना देना अनिवार्य होगा। एक ही पद के लिए एक से अधिक आवेदन अस्वीकार किए जाएंगे।
3. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने के पूर्व दिशा निर्देशों का भली भॉंति अध्ययन कर लेंगे तथा ऑनलाईन आवेदन भरने के क्रम में सभी सूचनाएँ सही–सही एवं सुस्पष्ट अंकित करेंगे। ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक (विस्तृत) निर्देश का अक्षरशः अनुपालन नहीं करने पर एवं ऑनलाईन आवेदन भरने के क्रम में अभ्यर्थी द्वारा की गयी प्रविष्टि में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए परिषद् सचिवालय जिम्मेवार नहीं होगा। इस संबंध में किसी प्रकार के सुधार/ परिवर्तन हेतु अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन में भरी गयी सूचनाओं को मूल प्रमाण पत्र/ अंक पत्रों से मिलान करने के क्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
4. आवेदन भरते समय ब्राउजर का पॉप–अप विंडो की अनुमति होनी चाहिए क्योंकि यह विंडोज आवेदन पत्र भरने में मददगार होते हैं।
5. ऑनलाईन आवेदन में अंकित **E-mail Id, Mobile Number** तथा प्राप्त **User Name** एवं **Password** को सुरक्षित रखना आवेदक की जिम्मेवारी होगी। इसे वे अंतिम परीक्षाफल प्रकाशन तक सुरक्षित रखेंगे। अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने के क्रम में अपना ही कार्यरत मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई.डी. अंकित करेंगे।
6. इन्टरनेट या बैंकिग व्यवधान के लिए परिषद् सचिवालय उत्तरदायी नहीं होगा। अतः अभ्यर्थी आखिरी समय का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व ही सभी प्रकिया पूरी कर लेंगे।
7. अभ्यर्थी हाल का अपना एक फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर स्कैन कर ऑनलाईन आवेदन में निर्धारित स्थान में अपलोड करेंगे। अभ्यर्थी संतुष्ट हो लेंगे कि अपलोड किया गया फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर का इमेज सुस्पष्ट है।
8. प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को यह भी निर्देश दिया जाता है कि आवेदन करते समय जो फोटोग्राफ उनके द्वारा आवेदन पत्र पर अपलोड किया जा रहा है, उसकी कम से कम पॉच अतिरिक्त प्रतियॉं वे अपने पास सुरक्षित रखेंगे ताकि आवश्यकता पड़ने पर या परिषद् सचिवालय द्वारा मांगे जाने पर उनके द्वारा जमा किया जा सके।
9. कोई भी उम्मीदवार यदि अपने सिवा किसी और की तस्वीर/हस्ताक्षर अपलोड करता है तो उस पर कई प्रकार की कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।
10. फोटो अपलोड करने हेतु हाल ही में खींची हुई पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो चाहिए जिसका बैकग्राउंड विशेषतः सफेद हो और उस पर कोई गहरी परछाई न हो।
11. यदि आप चश्मा पहनते हैं तो ध्यान रखें कि कोई प्रतिबिंब आदि न हो और आपकी आंखें साफ–साफ दिख रही हों। साथ ही, सुनिश्चित करें कि आपके दोनों कान भी तस्वीर में साफ–साफ नजर आ रहे हों। टोपी, हैट या रंगीन चश्मा पहनना स्वीकार्य नहीं है। सिर पर धार्मिक पहनावे की अनुमति है लेकिन यह आपके चेहरे को न ढंके।

12. फोटो केवल .jpg अथवा .jpeg फार्मेट में ही होना चाहिए। फोटो का फाईल साईज 20kb से 50kb तक ही होना चाहिए।
13. हिन्दी एवं अंग्रेजी में अलग-अलग हस्ताक्षर अपलोड करने हेतु किसी सफेद कागज पर काले स्याही वाले पेन से हस्ताक्षर करें और उसे स्कैन कर लें। कृपया केवल हस्ताक्षर वाले हिस्से का ही स्कैन करें, न कि संपूर्ण पृष्ठ का । स्कैन किया हुआ हस्ताक्षर केवल .jpg अथवा .jpeg फार्मेट में ही होना चाहिए। फोटो का फाईल साईज 10kb से 20kb तक ही होना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि यह हस्ताक्षर एडमिट कार्ड पर होगा और यह ऑनलाईन टेस्ट में शामिल होने के लिए उपस्थिति पत्रक पर किए गए हस्ताक्षर से सुमेलित होना चाहिए।
14. अपलोड करने हेतु मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों का स्कैन किया हुआ रंगीन फोटो केवल .jpg अथवा .jpeg फार्मेट में ही होना चाहिए। फोटो का फाईल साईज 150kb से 250kb तक ही होना चाहिए।
15. अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाईन आवेदन करते समय Net Banking/Credit/Debit Card के माध्यम से करेंगे। भुगतान में अभ्यर्थी को परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त विभिन्न बैंकों द्वारा निर्धारित शुल्क भी देना होगा। जिसे ऑनलाईन भुगतान के क्रम में बैंकों द्वारा स्वतः बैंक चार्ज ले लिया जाएगा। अभ्यर्थी ऑनलाईन भुगतान से संबंधित बैंक रसीद का प्रिंट निकाल कर अपने पास सुरक्षित रखेंगे।
16. परीक्षा शुल्क का भुगतान हो जाने के बाद न तो वह वापस की जायेगी और न ही वह किसी अन्य नियुक्ति की प्रक्रिया में समायोजित की जायेगी।
17. ऑनलाईन भुगतान में किसी प्रकार का इन्टरनेट व्यवधान/ गलत भुगतान/ असफल भुगतान Unsuccessful Payment/Transaction Status Failure के लिए परिषद् सचिवालय उत्तरदायी नहीं होगा तथा अभ्यर्थी को सुधार हेतु अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा।
18. अभ्यर्थी अंतिम रूप से भरे गये ऑनलाईन आवेदन को सबमिट करने के बाद उसी समय पुनः Login कर डैशबोर्ड पर उपलब्ध "Download Filled Application" से भरा हुआ आवेदन डाउनलोड कर उसकी दो प्रति निश्चित रूप से प्रिन्ट करेंगे। विज्ञापन से संबंधित वर्णित सभी प्रमाण – पत्र/ कागजात की प्रति अवश्य सुरक्षित रखेंगे। परिषद् सचिवालय द्वारा किसी भी समय माँगे जाने पर अभ्यर्थी को उक्त हार्ड कॉपी एवं सभी संबंधित प्रमाण- पत्र निश्चित रूप से प्रस्तुत करना होगा। हार्ड कॉपी पर Application Number के अंकित नहीं होने पर आवेदन पूर्ण रूप से भरा नहीं माना जाएगा एवं आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।
19. आवेदन प्रपत्र में वर्णित सभी प्रमाण-पत्र, अंक-पत्र, नियुक्ति की तिथि के समय मूल रूप से प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त निर्देश का अनुपालन नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की अर्हता के संबंध में निर्णय लेने हेतु परिषद् सचिवालय स्वतंत्र रहेगा।
20. आवेदक यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी वांछित प्रमाण-पत्र मूल रूप में उनके पास आवेदन भरते समय उपलब्ध है।
21. विज्ञापन से संबंधित सभी सूचनाएँ परिषद् सचिवालय के वेबसाईट www.biharvidhanparishad.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी, समाचार पत्रों में अलग से प्रकाशन अपेक्षित नहीं होगा।
22. विज्ञापन से संबंधित ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु विस्तृत निर्देश परिषद् सचिवालय के वेबसाईट www.biharvidhanparishad.gov.in पर उपलब्ध है। विज्ञापन के लिए निर्धारित ऑनलाईन आवेदन से अलग, मुद्रित, अंकित, हस्तलिखित आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे तथा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

23. आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन में सभी प्रविष्टियाँ सावधानी से भरी जायेगी। भविष्य में किसी प्रकार का परिवर्तन/सुधार मान्य नहीं होगा। किसी भी प्रकार की त्रुटि हेतु परिषद् सचिवालय उत्तरदायी नहीं होगा एवं कोई भी प्रतिकूल परिणाम हेतु आवेदक स्वयं जिम्मेवार होंगे।
24. किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण परीक्षा भवन में ले जाना वर्जित होगा।
25. आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के कार्यक्रम के संबंध में सूचना का प्रकाशन अलग से किया जायेगा, जिसे बिहार विधान परिषद् के वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
26. विज्ञापन से संबंधित ऑनलाईन आवेदन के संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर – **18004192929** पर 07 दिन/सप्ताह 08:00 बजे पूर्वा. से 08:00 बजे अप. तक की अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।
27. bvphelpdesk@gmail.com पर ई–मेल भेज कर उपर्युक्त से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
28. विज्ञापित पदों की संख्या आवश्यकतानुसार घट या बढ़ सकती है। बिहार विधान परिषद् सचिवालय द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना या इसका कारण बताए बिना, किसी एक या सभी पदों के लिए पूरी भर्ती प्रक्रिया/विज्ञापन या किसी चरण को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
29. उम्मीदवार जिन्हें प्राथमिक जांच तथा परीक्षा के बाद के चरणों के लिए बुलाया जाएगा, उन्हें परीक्षा केन्द्र तक अपने खर्चे पर आना होगा। बिहार विधान परिषद् सचिवालय किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवार को यात्रा भत्त नहीं देगा।
30. उम्मीदवार ध्यान दें कि आवेदन पत्र में दी गयी कोई भी जानकारी यदि जांच के दौरान या भविष्य में गलत पायी जाती है तो उनका आवेदन/उम्मीदवारी बिना कोई कारण बताए तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
31. अभ्यर्थी आवेदन भरने/ शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि का इंतजार नहीं करेंगे।